47 हजार निवेशकों को 932 करोड़ की चपत लगाने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

नेक्सा एवरग्रीन मनी लॉन्ड्रिंग का मास्टरमाइंड रणवीर बिजारणिया गिरफ्तार

- ईडी ने आरोपी को कोर्ट से 3 दिसंबर तक रिमांड पर लिया
- आरोपी ने स्मार्ट सिटी में प्लॉट और साप्ताहिक मुनाफे का झांसा देकर ठगी थी; अब तक 52 करोड़ रु. की संपत्ति जब्त
- जांच में कंपनी के संचालकों और सहयोगियों द्वारा आमजन से करीब 2676 करोड़ रुपए जुटाने का खुलासा हुआ

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय के जयपुर जोनल ऑफिस ने बहुचर्चित नेक्सा एवरग्रीन मनी लॉन्ड्रिंग प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए घोटाले के मुख्य सूत्रधार रणवीर सिंह उर्फ रणवीर बिजारणिया को गिरफ्तार किया है। शनिवार दोपहर आरोपी को विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने गहन पूछताछ के लिए उसे 3 दिसंबर तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। इस मामले में कंपनी के संचालकों और सहयोगियों द्वारा आमजन से करीब 2676 करोड रुपए जुटाने का खुलासा हुआ है।

राजस्थान पुलिस द्वारा नेक्सा एवरग्रीन ग्रुप के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर ईडी ने धन शोधन की जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि रणवीर बिजारणिया, सुभाष चंद्र बिजारणिया और उनके साथियों ने गुजरात के धोलेरा स्मार्ट सिटी में जमीन विकसित करने तथा प्लॉट आवंटित करने का सब्जबाग दिखाकर लोगों से निवेश करवाया। निवेशकों को 60 सप्ताह तक हर हफ्ते 3 प्रतिशत रिटर्न देने का भरोसा दिलाया गया। इसके साथ ही चेन सिस्टम के तहत नए सदस्य जोड़ने पर आकर्षक कमीशन और लैपटॉप, बाइक व कार जैसे महंगे उपहारों का प्रलोभन भी दिया गया।

ईडी की पड़ताल के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच इस स्कीम के जरिए 2676 करोड़ रुपए एकत्र किए गए। कंपनी के सॉफ्टवेयर रिकॉर्ड से पता चला है कि 47,664 निवेशकों को उनके मूल निवेश से भी कम राशि लौटाई गई, जिससे उन्हें सीधे तौर पर 932.54 करोड़ रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ। आरोपी नए निवेशकों से प्राप्त राशि को ही पुराने निवेशकों को बांटकर योजना चला रहे थे, जबकि बड़ी रकम को विभिन्न कंपनियों, एलएलपी फर्मों और सहयोगियों के खातों के माध्यम से घुमाकर अचल संपत्तियां खरीदने में खपा दिया गया।

इससे पूर्व जून 2025 में ईडी ने जयपुर, सीकर, झुंझुनूं और अहमदाबाद के 25 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाकर 2.05 करोड़ रुपए नकद बरामद किए थे और बैंक व क्रिप्टो खातों में जमा 15.31 करोड़ रुपए फ्रीज किए थे। जांच एजेंसी इस प्रकरण में अब तक लगभग 52 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त व अटैच कर चुकी है। रिमांड अवधि के दौरान अब धन के लेन-देन और अन्य सहयोगियों की भूमिका को लेकर पूछताछ की जाएगी।

महात्मा फुले ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया : मुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे, उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। महिला शिक्षा एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने कार्यों से समाज में समानताऔर मानवीय मूल्यों को मजबूती दी। उनके विचार आज भी हमें समतामूलक समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले का जीवन आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर अपने निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सरकारी पुलिस वाहन में शराब पार्टी करने वाले दो गिरफ्तार

पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया था नामजद मुकदमा

जयपुर। एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस के सरकारी वाहन में अनाधिकृत रूप से घुसकर शराब पार्टी करने, राजकीय उपकरणों से छेड़छाड़ करने और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दो आरोपियों आशुतोष चक्रवर्ती निवासी महारानी फार्म, मानसरोवर और मृणाल सुंदरानिया निवासी नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर को गिरफ्तार किया है, जबकि भव्य खंडेलवाल, गोपाल जोशी और अमन जैन की तलाश जारी है।


पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि घटना 13 सितंबर 2026 की है। एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस का जाब्ता सवाना बार बंद करवाने पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस वाहन सड़क पर खड़ा था, जिसका फायदा उठाकर युवकों ने वाहन में घुसकर शराब पार्टी की और राजकीय उपकरणों से छेड़छाड़ कर वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच कर पांचों युवकों की पहचान की। इस संबंध में एसएमएस अस्पताल थाने में बीएनएस, आईटी एक्ट और पीडीपीपी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारसमल जैन के सुपरविजन और एसीपी गांधीनगर नारायण बाजिया के निर्देशन में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है। शेष तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। डीएसटी ईस्ट और एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई।

स्कूली बच्चों से भरा टैम्पो लाइट के पिलर से टकराकर पलटा, चालक सहित 3 घायल

भारत जोड़ो पुलिया के पास शनिवार दोपहर हुआ हादसा

जयपुर (कासं)। राजधानी के सोडाला इलाके में शनिवार दोपहर स्कूली बच्चों से भरा एक टैम्पो वाहन रोड लाइट के पिलर से टकराकर पलट गया। हादसे के समय ऑटो में चालक सहित आठ बच्चे सवार थे। दुर्घटना में चालक और दो बच्चे घायल हो गए।

- ऑटो में आठ बच्चे सवार थे, घायलों को पुलिस व राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया





जयपुर की ''भारत जोडो सेतू'' के पास शनिवार को हुए सडक हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूल टैम्पो को पुलिस ने क्रेन की मदद से हटाया और घायल बच्चों व चालक को अस्पताल में पहुंचाया।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना ''भारत जोड़ो पुलिया'' के पास शनिवार दोपहर करीब 3:15 बजे की है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सोडाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालते हुए यातायात सुचारू करवाया।

सोडाला थानाधिकारी मनोज बैरवाल ने बताया कि जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी स्कूल के बच्चों को लेकर ऑटो भारत सेतु पुलिया से सोडाला की ओर जा रहा था। इसी दौरान ऑटो बाईं तरफ से एक लाइट के पिलर से टकरा गया और पलट गया। हादसे में चालक और दो बच्चों को चोटें आईं। थानाधिकारी ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए सोडाला स्थित सेवायत अस्पताल भिजवाया गया। दुर्घटना के बाद भारत सेतु पुलिया पर जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने कुछ देर में खुलवाकर यातायात बहाल करवा दिया।

वीणा म्यूजिक मोबाइल एप का लोकार्पण आज

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को जयपुर के रामबाग पैलेस स्थित महारानी महल में वीणा म्यूजिक समूह के मोबाइल ऐप का लोकार्पण करेंगे। समारोह में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह और राजस्थान धरोहर प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत भी शामिल होंगे। वीणा म्यूजिक समूह के प्रबंध निदेशक हेमजीत मालू ने बताया कि यह पहल समूह के संस्थापक स्वर्गीय केसी मालू के सपनों और संकल्पों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विकसित भारत-2047 के लिए पेट्रोरसायन तकनीक और औद्योगिक सुरक्षा पर मंथन

सीआईपीईटी के 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एपीएम-2026 का शुभारंभ


जयपुर। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को गति देने के लिए उन्नत पेट्रोरसायन सामग्री, औद्योगिक सुरक्षा और सतत विकास पर देश-विदेश के विशेषज्ञों ने मंथन शुरू किया। केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) की ओर से रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के सहयोग से 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एपीएम-2026 का शनिवार को होटल इंटरकॉन्टिनेंटल, जयपुर में शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन में वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षाविद और उद्योग प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

- केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल संदेश से दी शुभकामनाएं, देश-विदेश के विशेषज्ञ जुटे

उद्घाटन समारोह में विभाग के सचिव तेजवीर सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. जी. वेंकटेश, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह साहनी, सीआईपीईटी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर सिन्हा, निदेशक डॉ. विशाल वर्मा, सीआईपीईटी जयपुर के निदेशक डॉ. हरेंद्र कुमार और सीआईपीईटी लखनऊ के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं दीं।

तेजवीर सिंह ने अनुसंधान और औद्योगिक नवाचार को विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण बताया। अरविंदर सिंह साहनी ने कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर जोर दिया, वहीं प्रो. शिशिर सिन्हा ने पर्यावरण अनुकूल एवं पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक विकसित करने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर सीआईपीईटी के ऑनलाइन शिक्षण मंच, यू-ट्यूब चैनल, विद्यार्थियों की वित्तीय सहायता योजना और 'नो प्लास्टिक्स टू नो प्लास्टिक्स' राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया।



केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से जयपुर में 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

साइबर अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस ने 35 टीमें उतारी

जयपुर। साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से निपटने और पुलिस की जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राजस्थान पुलिस ने तकनीकी नवाचार की दिशा में पहल की है। राजस्थान पुलिस और राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की ओर से शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय 'राजस्थान पुलिस साइबर सिक्योरिटी हैकाथॉन-2026' का शुभारंभ हुआ। महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। हैकाथॉन में देशभर से आई 35 टीमें लगातार 24 घंटे काम करते हुए साइबर अपराध से जुडी पांच प्रमुख चुनौतियों के तकनीकी समाधान विकसित करेंगी।

इन टीमों में साइबर विशेषज्ञ, विद्यार्थी और पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनका उद्देश्य ऐसे तकनीकी उपकरण और प्रणालियां तैयार करना है, जिनसे साइबर अपराधों की जांच, रोकथाम और ठगी की रकम की पहचान एवं बरामदगी की प्रक्रिया आसान हो सके। विकसित समाधान पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के साथ आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधी लगातार ठगी के नए तरीके अपना रहे हैं। फिशिंग लिंक, फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया और टेलीग्राम के माध्यम से लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

बिना अनुमति उद्योग संचालन पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी घेरे में

जयपुर। औद्योगिक इकाई को संचालन की अनुमति नहीं होने के बावजूद चलते रहने देने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जवाबदेही तय करने के संकेत दिए हैं।

अधिकरण ने बोर्ड के सदस्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए पूछा है कि नियमों की अनदेखी पर उद्योग से पर्यावरणीय क्षितपूर्ति वसूली जा सकती है तो लापरवाही बरतने वाले बोर्ड से क्यों नहीं?

एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल ने 27 नवंबर को मेसर्स कैम्प स्टैम्पिंग प्राइवेट लिमिटेड बनाम राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अन्य मामले में यह आदेश दिया। न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. प्रशांत गर्गव की पीठ ने जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर 30 दिन में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

- एनजीटी ने सदस्य सचिव को जारी किया कारण बताओ नोटिस
- जिम्मेदार अधिकारियों की विभागीय जांच के निर्देश; 30 दिन में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

मामले के अनुसार, कंपनी ने 11 अक्टूबर 2024 को संचालन अनुमति के लिए आवेदन किया था, जिसे बोर्ड ने 29 मार्च 2025 को खारिज कर दिया। इसके बावजूद 18 दिसंबर 2025 को निरीक्षण में उद्योग बिना अनुमति संचालित मिला। बोर्ड ने 26 दिसंबर 2025 को उद्योग को बंद करने के प्रस्ताव पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इधर, उद्योग ने बोर्ड के 6 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें पर्यावरणीय क्षितपूर्ति जमा कराने का नोटिस दिया गया था।

एनजीटी ने अपील स्वीकार कर अंतरिम राहत देते हुए निर्धारित क्षितपूर्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा 10 दिन में जमा कराने की शर्त रखी है। अधिकरण ने जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) अधिनियम, 2026 के दंडात्मक प्रावधानों का भी उल्लेख किया। सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।

संसद सत्र की वजह से कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिवों का सम्मेलन अब 5 दिसंबर से शुरू होगा

पूर्व में 30 नवंबर से तय था कार्यक्रम, अब जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में 5 से 14 दिसंबर तक होगा आयोजन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। संसद सत्र के आगामी 30 नवंबर से आरंभ होने की वजह से जयपुर में बाडा पदमपुर में 30 नवंबर को शुरू होने वाला कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिवों का सम्मेलन अब आगामी 5 दिसंबर से शुरू होगा। यह सम्मेलन 5 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा, हालांकि प्रदेश कांग्रेस ने पहले से ही इस सम्मेलन के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली थी, और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने नेताओं की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित कर दी था, इसलिए प्रदेश कांग्रेस को बदली नई तारीख की वजह से व्यवस्थाओं में कोई ज्यादा फेरबदल नहीं करना पड़ेगा, सम्मेलन पूर्व निर्धारित जगह बाड़ा पदमपुरा में ही आयोजित होगा। इस सम्मेलन को लेकर प्रदेश कांग्रेस के छोटे-बड़े सभी नेता काफी उत्साहित दिख रहे हैं, क्योंकि सम्मेलन के दौरान कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता 9 दिन तक जयपुर में आते-जाते रहेंगे, इसलिए प्रदेश कांग्रेस के कई नेता अपने पॉलीटिकल करियर को गति देने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेताओं से अपने पॉलिटिकल रिश्तों को और मजबूत करने का प्रयास करते हुए भी दिखेंगे, इसीलिए प्रदेश कांग्रेस के संगठन से जुड़े नेता इस सम्मेलन का बेताबी से इंतजार कर रहे है।

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल व राष्ट्रीय महासचिव तथा कई बड़े केंन्द्रीय नेताओं के व्याख्यान होंगे

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय संगठन में बड़े स्तर पर सर्जरी की थी, जिसमें पार्टी के कई राष्ट्रीय सचिवों को उनके पद से हटा दिया था तो कई नए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए गए थे। जिसमें राजस्थान में भी पार्टी के तीन राष्ट्रीय सचिवों को हटाकर अब चार नए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए गए, इस तरह से कांग्रेस पार्टी ने टोटल 81 राष्ट्रीय सचिव बनाए थे, जिन्हें अब पूरी तरह से कुशल और पारंगत बनाने के लिए उन्हें जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में आयोजित विशेष शिविर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभा सके और पार्टी को मजबूती प्रदान कर सके।

इसके लिए जयपुर में 9 दिन तक आयोजित इस सम्मेलन में पार्टी के कई केंद्रीय नेता पार्टी के राष्ट्रीय सचिवों को पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े विषयों की जानकारी गंभीरता से देंगे, पार्टी के संगठन को कैसे और किस तरह से मजबूत किया जाए, पार्टी से नए लोगों को कैसे जोड़ा जाए, पार्टी में अगर किसी स्टेट में नेताओं में आपस में मतभेद और समन्वय की कमी है तो इस विकट स्थिति में कैसे और किस तरह से पार्टी में संतुलन बनाया जाए, पार्टी के बूथ मैनेजमेंट को और कैसे बेहतर तथा मजबूत बनाया जाए, आम नागरिकों में पार्टी की छवि को कैसे और किस तरह से लोकप्रिय और मजबूत बनाया जाए, इन सब विषयों के बारे में पार्टी के सीनियर नेता राष्ट्रीय सचिवों को आवश्यक जानकारी और दिशा निर्देश देंगे, ताकि नए राष्ट्रीय सचिवों को जहां-जहां जिम्मेदारी दी गई है, उन प्रदेशों में पार्टी के संगठन को मजबूत कर सके। पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव में राजस्थान में पार्टी के प्रदर्शन की चर्चा दिल्ली स्थित पार्टी के मुख्यालय में भी खूब हो रही है, राजस्थान में पार्टी के प्रदर्शन और पार्टी के हालातों को अन्य राज्यों की तुलना में राहुल गांधी भी काफी अच्छा मानते हैं, इसीलिए राष्ट्रीय सचिवों का सम्मेलन जयपुर में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया, ताकि जयपुर से एक सकारात्मक संदेश लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अपने-अपने प्रभार वाले राज्यों में जाकर अच्छा परफॉर्मेंस कर सके। जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में पार्टी के सभी राष्ट्रीय महासचिवों को भी बुलाया जा रहा है, ताकि वे अपने प्रभाव वाले राज्यों में पार्टी के सह प्रभारी के साथ बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर विभिन्न राज्यों में पार्टी की स्थिति को मजबूत किया जा सके, क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय सचिवों को ही अलग-अलग राज्यों में पार्टी का सह प्रभारी बनाया गया है, इसलिए प्रभारी और सह प्रभारी के बीच आपस में अच्छा तालमेल बना रहे, इस विषय को लेकर भी पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व और राहुल गांधी अपनी ओर से सम्मेलन में पार्टी के नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स देंगे।

राजस्थान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी ''कन्वर्जेन्स-2026'' का आगाज हुआ

नैनो, बायो-इन्फो, कॉग्नो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर देश-विदेश के 35 विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान



जयपुर (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कन्वर्जिंग टेक्नोलॉजीज (सीसीटी) की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'कन्वर्जेन्स-2026' का शुभारंभ शनिवार को हुआ। उद्घाटन समारोह में सीसीटी के संस्थापक निदेशक प्रो. बी.के. शर्मा मुख्य अतिथि तथा प्रो. एस.एल. कोठारी विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान पूर्व निदेशक प्रो. पी.जे. जॉन एवं प्रो. आर.के. सिंघल, प्रो. नूपुर माथुर, प्रो. रेशमा बुलचंदानी, ईसीएच सेंटर की समन्वयक प्रो. सुमिता कछवाहा और बॉन, जर्मनी से डॉ. नीरज उपाध्याय मौजूद रहे। संगोष्ठी संयोजक प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि इसमें देश-विदेश के 35 विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। सीसीटी निदेशक डॉ. योगेश जोशी ने कहा कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के एकीकरण के लिए कार्य कर रहा है। संगोष्ठी का आयोजन सीसीटी के पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से किया जा रहा है, जो वर्तमान में देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने अपने संदेश में इसे अनुसंधान में नवाचार और अंतर्विषयी सहयोग को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल बताया तथा आयोजकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। संगोष्ठी में नैनोमैटेरियल्स, बायोसेंसर, नैनोमेडिसिन, न्यूरोइमेजिंग, मानव-कृत्रिम बुद्धिमत्ता संवाद, एआई आधारित निदान, डेटा एनालिटिक्स और सतत प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुतियां एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के साथ अकादमिक और औद्योगिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाना है।